## चक्रधर समारोह 2024

# प्रसिद्ध अभिनेत्री और विख्यात नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि ने दी घुंघरू को समर्पित मनमोहक प्रस्तुति : भरतनाट्यम शैली में पंचदेव आराधना का किया भावुक प्रस्तुतिकरण



- बीस साल बाद मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य का सफर रायगढ़ की सांगीतिक धरा से फिर से किया शुरू
- ओडीसी और भरतनाट्यम की दी प्रस्तुति

**रायगढ़**

रामलीला मैदान में आयोजित 39 वें चक्रधर समारोह के सांगीतिक यात्रा के पांचवे दिन 11 सितंबर को मुंबई से आई फिल्म जगत की प्रसिद्ध अदाकारा और भरतनाट्यम की विख्यात नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि ने बहुत ही सुंदर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। बीस साल बाद मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य का सफर रायगढ़ की सांगीतिक धरा से फिर से शुरू किया। उन्होंने भरतनाट्यम शैली में पंचदेव आराधना का बेहतरीन प्रस्तुतिकरण किया जिससे चक्रधर समारोह में उपस्थित सभी लोगो के मन में देवी देवताओं के पांचों रूप का भावविभोर करने वाला रूप प्रस्तुत हुआ। मीनाक्षी शेषाद्रि ने यूएसए से भारत वापसी के बाद आज बीस साल के बाद रायगढ़ की सांगीतिक धरा में भरतनाट्यम की पहली बार प्रस्तुति दी है। उन्होंने भगवान गणेश की स्तुति से आरंभ करते हुवे नृत्य और उल्लास का बेहतरीन प्रदर्शन प्रभु नटराज शिव, मां सरस्वती, भगवान शिव के तांडव रूपए देवी के शांत, श्रृंगार सुंदरता रूप और मां चंडी के रूप सहित भगवान कृष्ण के रूप का प्रदर्शन करते हुवे मंत्रमुग्ध करने वाला पंचदेव आराधना का प्रदर्शन किया। मीनाक्षी शेषाद्रि का फिल्मी कैरियर में भी एक अलग पहचान है। इनके भीतर प्रख्यात फिल्मी पर्दे के इतर विशेष सांस्कृतिक संपन्नता है। इन्होंने बाल्यावस्था में तीन साल की उम्र से ही संगीत व नृत्य सीखना शुरू कर दिया था। वे एक, दो या तीन नही बल्कि भरतनाट्यम, कत्थक, ओडीसी और कुचीपुड़ी सहित चार शास्त्रीय विधा में पारंगत है। उन्होंने आज चक्रधर समारोह में ओडीसी और भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन्होंने पेंटर बाबू, दामिनी जैसी कई चर्चित फिल्मों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इन्होंने देश और देश से बाहर भी भरतनाट्यम का कई बड़े मंचो पर प्रदर्शन किया है। उन्होंने राजा चक्रधर समारोह में आए सभी दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा की यहां आकर मैं अपने भीतर बहुत ही उल्लास का अनुभव कर रही हूं। राजा चक्रधर समारोह के अवसर पर रायगढ़ जिले में बहुत ही मनोरम वातावरण है। उन्होंने कहा की मां सरस्वती के आशीर्वाद से ही मैं आपके सामने हूं। उन्होंने कहा की आज की तारीख उनके लिए बहुत ही खास है।

## जबलपुर की अनुष्का सोनी द्वारा सुरीली सितार वादन की दी गई मनमोहक प्रस्तुति

रायगढ़ राजा चक्रधर समारोह की सांगीतिक यात्रा के पांचवे दिन आज कला प्रदर्शन के प्रथम चक्र समाप्ति के बाद द्वितीय चक्र में जबलपुर के सेनिया घराने से संबद्ध अनुष्का सोनी द्वारा सुरीली सितार वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अनुष्का सोनी चौथे पीढ़ी की विख्यात प्रतिष्ठित सितार वादिका है। अनुष्का सोनी बाल्यावस्था से ही सांगीतिक शिक्षा अपने दादा रूप कुमार सोनी और पिता से तालीम प्राप्त कर रही है। रूप कुमार सोनी अंतर्राष्ट्रीय सीतार वादक है साथ ही प्रसिद्ध बासुरी वादक भी है। अनुष्का सोनी ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव ग्वालियर में प्रथम स्थान, संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कला उत्सव में प्रथम स्थान, भारत संस्कृति उत्सव में प्रथम स्थान सहित अनेक पुरुस्कार और सम्मान प्राप्त किए है।



## रायगढ़ की सौम्या नामदेव ने तबले की थाप पर दी आकर्षक प्रस्तुति

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित चक्रधर समारोह के पांचवी संगीत संध्या में रायगढ़ की नन्ही होनहार सौम्या नामदेव ने कथक नृत्य पर आकर्षक प्रस्तुति दी। तबले की थाप एवं अन्य वाद्य यंत्रों की बेहतर संयोजन के साथ कथक नृत्यांगना सौम्या नामदेव ने अपनी भाव भंगिमाओं बेहतर तालमेल स्थापित किया।



## कथक नृत्यांगना दीप माला सिंह ने अपनी मनभावन अदाकारी से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



कलाधानी रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह में रायगढ़ की कथक नृत्यांगना दीपमाला ने अपनी मनभावन अदाकारी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ से स्नातक की उपाधि प्राप्त दीप माला सिंह के कथक नृत्य को न केवल गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है बल्कि उन्हें कला रत्न सम सहित अनेक सम्मान से नवाजा गया है। दीपमाला जी के साथ कथक पर संगत कर रहे हैं खैरागढ़ से गौतम दास, वाराणसी उत्तर प्रदेश से शिवांशु चौबे, मध्य प्रदेश से अजय कुमार कुशवाहा, जगदलपुर से सितार वादक अखिलेश सेठिया और शक्ति जिले से सौरभ पटेल।

## रायपुर की रीति लाल ने अमीर खुसरो के प्रसिद्ध गीत मोसे नैना मिलाई के पर दी कत्थक की प्रस्तुति



39वे चक्रधर समारोह के पांचवे दिन आज रायपुर की रीति लाल ने अमीर खुसरो के प्रसिद्ध मोसे नैना मिलाई के गीत पर नृत्य और भाव की बहुत ही सुंदर और सुमधुर कत्थक की प्रस्तुति दी जिसने लोगो का मन मोह लिया। छाप तिलक सब छीनी रे तोसे नैना मिलाई के गीत के स्वर अनिलभान भट्टाचार्य और कंपोजिशन अनुरेखा घोष कोलकाता द्वारा दिया गया है। रितीलाल को अनेक राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय पुरुस्कार से नवाजा जा चुका है। रीति लाल तरुण शर्मा की शिष्या है।

## राकेश और निशा के सूफी गजलों ने बांधा समां



रायगढ़ के कला मंच पर संगीत की सुरीली शाम में राकेश और निशा के सूफी गजलों ने समां बांध दिया। प्रेम और रस से परिपूर्ण उनकी गजलों की खुशबू से पूरा परिवेश महक गया। रायगढ़ में जन्मे राकेश ने 1996 से अपनी संगीत यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने भारत के विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सूफी का परचम लहराया। राकेश शर्मा को प्रसिद्धि सब टीवी शो के संगीत प्रतियोगिता से मिली। उन्होंने अब्बड मया करथो गीत में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवार्ड जीता। उनका सूफियाना गीत के प्रति शोध कार्य अभी भी जारी है। उनकी पत्नी निशा शर्मा रायगढ़ राजघराने के राजाराम गुरु की प्रपौत्री हैं और अपने पति राकेश शर्मा के साथ सूफी गायन करती हैं।

## विधि सेन गुप्ता ने मां दुर्गा के विहंगम रूप का ओडिसी नृत्य के जरिए किया प्रदर्शन



शक्ति जिले की विधिसेन गुप्ता ने महिषासुर वध एवं मां दुर्गा के विहंगम रूप का ओडिसी नृत्य के जरिए शानदार प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने मानव उद्धारणा जिसमे कृष्ण द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी गरिमा की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं, अपने भावों और कुशल अंग संचालन के जरिए बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया। विधिसेन गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा शक्ति जिले में हुई एवं उच्च शिक्षा गुरु घासीदास केंद्र विश्वविद्यालय में प्राप्त किया। इन्होंने अपने गुरु गजेंद्र पंडा से ओडिसी की शिक्षा प्राप्त की। विधिसेन न केवल भारत बल्कि सिंगापुर मलेशिया जैसे देशों में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं।

## धमतरी की उपासना भास्कर ने शिव स्तुति पर पेश किया मनमोहन कथक नृत्य



धमतरी की उपासना भास्कर ने शिव स्तुति पर आधारित मनमोहक कथक नृत्य पेश किया। उपासना ने महज 9 वर्ष की उम्र में ही गुरु मनुराज से कथक की बारीकियों को सीख लिया था। उनका कथक नृत्य मुख्यत: राधा कृष्ण के प्रणय पर आधारित है। उपासना ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित कला मंचों पर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्हें नाट्य नर्तक, नृत्यानुभूति सहित अनेक सम्मान से नवाजा जा चुका है।

- 12 सितम्बर को मुम्बई के राहुल शर्मा फ्यूजन पर देंगे प्रस्तुति
- डॉ.जी.रथीस बाबू का होगा भरतनाट्यम कुचिपुड़ी, अन्विता विश्वकर्मा करेंगी कथक नृत्य
- इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय पेश करेंगे विविध छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य

39 वां चक्रधर समारोह के छठवें दिन 12 सितम्बर को मुम्बई के राहुल शर्मा एवं रामकुमार मिश्रा फ्यूजन पर प्रस्तुति देंगे। इसी तरह भोपाल के अंशुल प्रताप सिंह तबला वादन प्रस्तुत करेंगे। समारोह में रायगढ़ की दीक्षा घोष द्वारा भरतनाटयम, रायपुर की अन्विता विश्वकर्मा कथक तथा रायपुर की डॉ.आरती सिंह कथक (समूह नृत्य)की प्र्रस्तुति देंगी। भिलाई के डॉ.जी. रथीस बाबू द्वारा भरतनाटयम एवं कुचिपुड़ी तथा इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ विविध छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 946.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 सितम्बर तक 946.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1186.3 मिली मीटर, पुसौर में 1035.4, खरसिया में 914.9, घरघोड़ा में 1015.4, तमनार में 873.5, लैलूंगा में 802, मुकडेगा में 862.1, धरमजयगढ़ में 835.1 छाल में 962.8 एवं कापू में 979.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र विनोबानगर ए वार्ड क्रमांक 24, आंगनबाड़ी केन्द्र कौहाकुण्डा वार्ड क्रमांक 25, आंगनबाड़ी केन्द्र कबीर चौक वार्ड क्रमांक 30 तथा आंगनबाड़ी केन्द्र नवागढ़ी ए वार्ड क्रमांक 10 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के आधार पर 26 सितम्बर 2024 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। दावा आपत्ति हेतु आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में अथवा डाक के द्वारा जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 4 अक्टूबर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र जगतपुर ए वार्ड क्रमांक 4 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 4 अक्टूबर 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी कार्यालय में आवेदन भेज सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

# युवक की हत्या मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में मजदूरी के विवाद के चलते हुई एक दुखद घटना में 22 वर्षीय हेमसिंह बैगा की मृत्यु हो गई। धरमजयगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर इस हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

08 सितंबर को घटना के संबंध में ग्राम जबगा के निवासी अरूण कुमार विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है, राज मिस्त्री राजू राय के पास 02 दिन काम किया गया जिसका पैसा लेना था जिसके लिए अपने साथी हेमसिंह बैगा (22 साल) के साथ 08 सितंबर 2024 को वार्ड क्रमांक 08 स्थित ज्ञानराम राजवाड़े के निर्माणाधीन मकान पर अपनी मजदूरी का पैसा मांगने राज मिस्त्री के पास गया था। इस दौरान राजू मिस्त्री और अन्य दो व्यक्ति (सनातन राय और सुमित चक्रवर्ती) से विवाद हुआ, जिसमें आरोपियों ने अरूण और हेमसिंह बैगा को गाली-गलौज कर हथ मुक्कों से मारपीट किये। मारपीट के कारण हेमसिंह बैगा गंभीर रूप से चोटें आई और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

अरूण कुमार विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक 234/2024 के तहत धारा 103(1), 296, 351(2), 115(2), 3(5) बी.एन.एस. के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सिद्धांत तिवारी के निर्देशन में तुरंत कार्रवाई करते हुए धरमजयगढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों – सनातन राय (30 वर्ष), सुमित चक्रवर्ती उर्फ मिथुन (20 वर्ष), और राजू उर्फ राजीव राय (22 वर्ष), निवासी ग्राम मेंढरमार – को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में स.उ.नि. अमृत मिंज, प्रधान आरक्षक एडमोन खेस्स, आरक्षक विजय राठिया, विनय तिवारी, ललित राठिया, देवनंदन राठिया, बीरबल टोप्पो, और हेमलाल बरेठ ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा इस त्वरित कार्रवाई के माध्यम से इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण स्थापित किया गया। धरमजयगढ़ पुलिस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने प्रतिबद्ध है।

# एमएचओ की अध्यक्षता में आर.बी.एस.कार्यक्रम के संबंध में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आरोग्यम् सभाकक्ष में आज जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, जिला सलाहकार आर.एमएनसीएच, डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी. बस्तियां, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में जिले के समस्त आर.बी. एस.के. दल के दल प्रमुख एवं फार्मासिस्ट का बैठक आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त आर.बी.एस.के.टीम को छात्रावास के बच्चों स्वास्थ्य शिविर के रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु निर्देशित कर रिपोर्ट को समय पर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। समस्त आर.बी.एस.के. दल के दल प्रमुख एवं फार्मासिस्ट को कार्यक्रम संबंधी समस्त जानकारी दिसंबर 2023 से अगस्त 2024 तक के साथ बैठक में समीक्षा की गई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर, लोईंग के आर.बी एस.के. टीम को रायगढ़ के षहरी क्षेत्र में शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु कहा गया।


समुदाय में सहभागिता से डेंगू नियंत्रण कार्य करने हेतु शहरी क्षेत्र के आम जनता को जागरूक कर कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। सुपरवायजर के द्वारा सोर्स रिडक्शन कार्य की गतिविधियों की जानकारी ली गई। टेमीफास दवा सोर्स रिडक्शन कार्य के समय साथ लेकर चलने हेतु मितानिन आौर एमटी को निर्देश दिया गया तथा स्वच्छता बनाये रखने हेतु अपील किया गया कि ऐसे में घर और आस-पास में मच्छरो को पनपने न दें। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली करके रखें। कूलर में एक हफ्ता से रखा हुआ स्थिर एवं साफ पानी, बिना ढ़के हुए प्लास्टिक एवं सीमेंण्ट टैंक का साफ पानी, फ्रिज के पीछे ट्रे, गमले में जमा हुआ पानी, पशु एवं पक्षियों के लिए रखा हुआ साफ पानी, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन एवं डिस्पोजल, गड्ढ़ो में बारिश का जमा हुआ साफ पानी, टायरों में जमा हुआ साफ पानी, अन्य ऐसे स्थान या वस्तु जिसमें स्थिर साफ पानी जमा हो रहा है वहाँ डेंगू के मच्छर पनपते है। घर की छत पर रखे गमलो या अन्य चीजों में पानी जमा न होने दें। जमे हुए पानी के गड्ढ़ों में जला हुआ मोविल, तेल डाल दें जिससे ऑक्सीजन न मिलने के कारण डेंगू मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाते है। मच्छरो से बचने हेतु मच्छरदानी का उपयोग दिन में भी करें। फूल आस्तीन के कपडें पहनें। घर के दरवाजो व खिड़कियों में जाली लगवायें।

# वित्त मंत्री ने रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

- वित्त मंत्री चौधरी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कुश्ती प्रतियोगिता का कराया शुरुआत, दी शुभकामनाएं
- विधायक निधि से कुश्ती मेट देने की घोषणा

**रायगढ़**





वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने महाराजा चक्रधर सिंह और भगवान हनुमान के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया। इस मौके पर वित्त मंत्री चौधरी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कुश्ती प्रतियोगिता शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आप सभी 39 वें चक्रधर समारोह में सम्मिलित हुए। शासन के मंशानुरूप इस वर्ष भव्य तरीके से चक्रधर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर देश भर से आए कुल 275 रेसलर्स के बीच कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कुश्ती प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव व कुश्ती संघ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बड़े स्तर पर जिले में वैभवशाली ढंग से मनाया जा रहा है, जो हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इस अवसर पर मंच के माध्यम से कुश्ती के लिए विधायक निधि से मेट देने की घोषणा भी की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुश्ती को जिले में विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाई जा रही हैं। जिससे रेसलर्स को कुश्ती के क्षेत्र में आगे बढऩे का अवसर मिले।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र बलवीत शर्मा, इंटरनेशनल रेफरी, दिल्ली अजीत मान, इंटरनेशनल रेफरी हरियाणा यशवीर सिंह ढाका, कुश्ती संघ से दिनेश जायसवाल, राजा नंद यादव, श्याम सिंह सोनी, रमन यादव, भाविका पाण्डेय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**इंटरनेशनल रेफरी को गदा प्रदान कर किया गया सम्मानित**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर इंटरनेशनल रेफरी, दिल्ली अजीत मान एवं इंटरनेशनल रेफरी हरियाणा यशवीर सिंह ढाका को गदा प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ से मनोज साहू भी उपस्थित रहें।

# पंचायत सचिव कोतासुरा हीरालाल धोबा निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत कोतासुरा के पंचायत सचिव हीरालाल धोबा को अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव कोतासुरा हीरालाल धोबा को कार्यालयीन आदेश के द्वारा प्रशासकीय कार्य व्यवस्था के दृष्टि से ग्राम पंचायत कोतासुरा से कार्यालय जनपद पंचायत पुसौर में पदस्थ करते हुए रूपेन्द्र साव, ग्राम पंचायत सचिव, जनपद पंचायत पुसौर को ग्राम पंचायत कोतासुरा में पदस्थ किया गया। धोबा पंचायत सचिव के द्वारा उक्त आदेश के पालन में ग्राम पंचायत कोतासुरा का प्रभार नहीं सौपा उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना करना तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतना प्रमाणित पाया गया। जिसके फलस्वरूप हीरालाल धोबा को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत पुसौर निर्धारित किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480